Alberta

जारी **खबर**

अधिक अल्बर्टा निवासियों को किराए का भुगतान करने में मदद करना

०५ अगस्त, २०२२

अलबर्टा भर में ८० से अधिक समुदायों के लिए अस्थायी किराया सहायता का विस्तार किया जा रहा है।

अस्थाई किराया सहायता लाभ शुरू में अल्बर्टा के सात प्रमुख केंद्रों में शुरू किया गया था। ऐअरडरी, फोर्ट मैकलियोड, रॉकी माउनटेन हाउस,और कॉन्कलिन जैसे आसपास के समुदायों को लाभ का विस्तार करके, अधिक अल्बर्टा निवासियों को किराए का भुगतान करने के लिए समर्थन मिलेगा।

"किराया समर्थन का सबसे अच्छा उपयोग करना मजबूत नींव के लिए एक महत्वपूर्ण घटक है: अल्बर्टा की १० साल की किफायती आवास रणनीति। ८० से अधिक समुदायों के लिए अस्थायी किराया सहायता लाभ का विस्तार करके, ज़रूरतमंद अल्बर्टा निवासियों को महंगाई को वहन करने में मदद करने के लिए अधिक समर्थन उपलब्ध है।"

जोसेफिन पोन, वरिष्ठ और आवास मंत्री

"हमारी कृषि, खाद्य और वानिकी क्षेत्र बड़े पैमाने पर ग्रामीण समुदायों पर आधारित हैं, और हम अल्बर्टा की आर्थिक सुधार का नेतृत्व करने के लिए प्रांत के इन क्षेत्रों की तरफ़ देख रहे हैं। मुझे खुशी है कि अस्थायी किराया सहायता लाभ उन कार्यों की सूची में जोड़ा जाएगा जो हम ग्रामीण अल्बर्टो के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कर रहे हैं। यह किराया समर्थन बढ़ती महंगाई से जूझ रहे परिवारों और समुदायों के लिए राहत प्रदान करेगा और ग्रामीण अल्बर्टा में सतत विकास को बढ़ावा देगा।"

नेट हॉर्नर, कृषि, वानिकी और ग्रामीण आर्थिक विकास मंत्री

"अस्थायी किराया सहायता लाभ के नए घोषित विस्तार के साथ, लेथब्रिज हाउसिंग अथॉरिटी अब दक्षिण-पश्चिमी अल्बर्टा में 30 से अधिक समुदायों की सेवा करने में सक्षम है। हम किराए के समर्थन में और ग्रामीण अल्बर्टा की सेवा के लिए सरकार के निवेश के लिए आभारी हैं। हम आशावान हैं।"

रॉबिन जेम्स, सीएओ, लेथब्रिज हाउसिंग अथॉरिटी

"प्रांत भर में अनेक कमजोर परिवारों के लिए आवास विकल्प सुनिश्चित करने के लिए लाभों का विस्तार करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक क्षेत्रीय आवास प्रबंधन निकाय के रूप में, हमारे लिए यह एक वास्तविक चुनौती रही है कि हम बहुत से संभावित ग्राहकों को स्वीकार नहीं कर पाए जो पात्र थे लेकिन शहर की सीमा से बाहर थे। अब हमारे पास इस कठिन समय के दौरान परिवारों, व्यक्तियों और नौकरियों के बीच गुज़ारा करने के लिए अति आवश्यक सहायता प्रदान करने का अवसर है।"

फ्रैंकलिन कुटुआडु, सीएओ, रेड डीयर हाउसिंग अथॉरिटी

अस्थायी किराया सहायता लाभ कम आय वाले कामकाजी परिवारों या नौकरियों के बीच के लोगों के लिए सब्सिडी प्रदान करता है। किरायेदार जब तक अपनी स्थिति में स्थिरता या सुधर लाते हैं, के लिए यह मदद दो साल तक के किराये भुगतान के लिये उपलब्ध है।

पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर लाभ प्रदान किए जाता है और भुगतान सीधे पात्र किरायेदारों को किया जाता है। लाभ राशि घरेलू आकार और स्थान द्वारा निर्धारित की जाती है, और यह न्यूनतम १०० डॉलर प्रति माह है।

वो परिवार जिनकी आय स्थानीय आय सीमा से कम हैं,पात्र हो सकते हैं यदि वे वर्तमान में कार्यरत हैं या पिछले 24 महीनों में कार्यरत रहे हैं और सामाजिक सहायता प्राप्त नहीं कर रहे हैं।.

अल्बर्टा निवासी अधिक जानकारी या अपनी योग्यता जांचने के लिए ऑनलाइन अल्बर्टा.सीऐ/रेंटअसिस्टेंस (alberta.ca/RentAssistance) पर जाएँ।

ख़ास तथ्य

- बजट २०२२ में २०२२-२३ के लिए अस्थायी किराया सहायता लाभ के लिए ७.२ मिलियन डॉलर का वचन दिया गया।
- मार्च २०२१ में, सरकार ने अधिक परिवारों को समर्थन देने और संघीय वित्त पोषण का अधिकतम लाभ उठाने के लिए किराया अनुपूरक कार्यक्रम को पुन:डिज़ाइन किया। इसमें अस्थायी किराया सहायता लाभ का शुभारंभ शामिल था।
- अलबर्टा का पुन: डिज़ाइन किया गया किराया अनुपूरक कार्यक्रम, जिसमें अस्थायी सहायता लाभ शामिल है, लगभग ११,६०० परिवारों को सेवा प्रदान करता है, जो मूल कार्यक्रम के तहत सेवा प्रदान करने से ३,800 अधिक हैं।
- अलबर्टा सरकार की तरफ़ से इस अस्थायी लाभ का प्रशासन स्थानीय आवास प्रदाता चलते हैं:
    - कैलगरी आवास कंपनी
    - सिविडा (ऐडमिंटन)
    - ग्रैंड स्पिरिट फाउंडेशन
    - लेथब्रिज आवास प्राधिकरण
    - मेडिसिन हैट भाईचारिक आवास समाज
    - रेड डीयर आवास प्राधिकरण
    - वुड बफ़ेलो आवास और विकास निगम
- मौज़ूदा किराये के बाजार की क्षमता का बेहतर उपयोग करने के लिए रेंट सप्लीमेंट्स के उपयोग का विस्तार करना अल्बर्टा की किफायती आवास की मजबूत नींव रणनीति का हिस्सा है।

सम्बंधित जानकारी

- किफायती आवास और किराया सहायता
- मजबूत नींव किफायती आवास रणनीति
- आवास ढूंढें

मीडिआ पूछ-ताछ

डिलन टोपल

७८०-८८६-२९१२
प्रेस सचिव, वरिष्ठ और आवास

ALBERTA'S RECOVERY PLAN

Alberta's Recovery Plan is a plan to breathe new life into Alberta's economy and create new opportunities for every Albertan. It's a plan to build, to diversify, and to create jobs.